हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

10 भारत की जनता के स्वभाव एवं संस्कार में...

11 बारिश की संभावना, धान बचाव के लिए सुरक्षा का...




## महीनेभर चली सिटी बसें, अब पिछले 9 साल से हो रहा इंतजार

### कॉलेज विद्यार्थी इसकी मांग को लेकर तमाम जगहों पर जा चुके हैं, फिर भी अनसुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

साल 2015 में महासमुंद शहर में सिटी बसें आईं। जनप्रतिनिधियों ने उसमें चढ़कर सेल्फी ली, सैर किया ये बसें एक माह चलीं और फिर बंद हो गई, जो आज तक वापस नहीं चल पाई हैं। नौ साल से महामसुंद के लोग इस बस का इंतजार कर रहे हैं। इन बसों की मांग जारी है। कॉलेज विद्यार्थी इसकी मांग को लेकर तमाम जगहों पर जा चुके हैं, लेकिन उनकी मांगें पूरी नहीं हुई। अनेक बार प्रयास भी शहर में सिटी बसों का संचालन शुरू नहीं है। शहर में आम लोगों को सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से सिटी बस प्रारंभ किया। इसका लाभ लोगों को अधिक मिलने लगा था, लेकिन प्रशासन की अनदेखी और सिटी बस संचालक की लापरवाही के कारण बसों के पहिए थम गए।

बता दे की 20 नवंबर 2015 को तत्कालीन संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी, तत्कालीन विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, तत्कालीन नपाध्यक्ष पवन पटेल ने हरी झंडी दिखाकर सिटी बस संचालन का शुभारंभ किया था। ये सभी पहले दिन इस में बैठे, सेल्फी ली, फोटो खिंचवाएं, कुछ देर सफर भी किया। हरी झंडी दिखाने के बाद एक महीने में ही बसें गायब हो गईं। इन बसों के शुभारंभ से 6 महीने पहले से खरोरा में सिटी बस टर्मिनल निर्माण का कार्य जोरों पर था, लेकिन यह भी अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। सिटी बस का संचालन बंद होने के बाद जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने इसे मुडक़र भी नहीं देखा।

जानकारी अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सभा के दौरान एक सिटी बस का संचालन का शुभारंभ हाईस्कूल मैदान से किया गया था। लेकिन शुभारंभ के बाद से ही यह बस भी शहर से गायब हो गई। कॉलेज के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शुरू की गई एक बस भी आज तक सडक़ पर दौड़ती नहीं दिखीं। फलस्वरूप आज भी कॉलेज सहित शहरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महासमुंद में हालात यह है कि महज शहर से मचेवा कॉलेज तक का ऑटो चालक स्पेशल में 100 रुपए तथा सवारी में 20 से 30 रुपए चार्ज करते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पैसे न होने की स्थिति में विद्यार्थी पैदल ही सफर करते हैं।

#### विद्यार्थियों को परेशानी

जिले में आवागमन के लिए सिटी बस की आवश्यकता है, मुख्य रूप से उन विद्याथियों को जो रोजाना स्कूल व कॉलेज की पढ़ाई के लिए गांवों से जिला मुख्यालय पहुंचते हैं। वहीं वह व्यापारी जो महासमुंद व्यापार के लिए पहुंचते हैं। सिटी बस में अधिकतम 5 से 10 रुपए ही किराया लगता है, जिसके लिए अभी 20 से 30 रुपए देना पड़ता है।



#### महंगा सफर करना पड़ा रहा

सिटी बस नहीं चलने का खामियाजा लोगों को महंगा सफर के रुप में भुगतना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय के अलावा बागबाहरा, पिथौरा, फिंगेश्वर, राजिम, आरंग तक रुट के लिए सिटी बस चलने से विद्यार्थी, व्यापारी और आम जतना को कम किराया में सफर की सुविधा मिलती। निजी परिवहन सुविधा की तुलना में सिटी बसों का किराया कम रहता है, लेकिन जिले में सिटी बस सुविधा बंद हैं ऐसे में यात्री प्राइवेट बसें, ऑटो और छोटे सवारी वाहनों में महंगा सफर करने मजबूर हैं।

## खबर संक्षेप



### प्रेग्नेंसी के दौरान दिलाई मुख्य परीक्षा, डिलीवरी के 20 दिन बाद बनी जज

**महासमुंद।** बिलासपुर निवासी पूजा पटेल ने सिविल जज 2023 की परीक्षा में 25 वाँ रैंक प्राप्त किया है, जिसके लिए प्रेग्नेंसी के दौरान परीक्षा की तैयारी की। उन्होंने बताया कि प्रेग्नेंसी के 7वें माह में मुख्य परीक्षा में बैठी थी और डिलीवरी के 20 दिन बाद इंटरव्यू दिलाया और सिविल जज में चयनित हुई। उनका कहना है कि डिलीवरी में 12 टांके लगे थे फिर भी पूरे आत्मविश्वास के साथ इंटरव्यू देने इंटरव्यू पैनल के सामने पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनके पिता स्व. नृत्यंजय पटेल भी जज थे, उन्हीं का सपना था कि मैं जज बनूं और वर्तमान में पति विनय कुमार साहू सराईपाली जिला महासमुंद में जज के रूप में पदस्थ हैं, जिनका मार्गदर्शन हमेशा साथ रहा। उनकी मां गृहिणी हैं, सास लेक्चरर और ससुर शासकीय शिक्षक हैं। तैयारी के दौरान पूरे परिवार का सहयोग मिलता रहा था, उनकी सफलता से पूरे परिवार में खुशी की लहर है।

### मरार पटेल समाज की बैठक 25 को

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज महासमुंद जिलाध्यक्ष के आदेशानुसार कार्यकारिणी की बैठक 25 दिसंबर दिन बुधवार को सितलीनाला स्थित सामाजिक भवन दोपहर 12:30 बजे रखी गई है। बैठक में समस्त राज अध्यक्ष एवं राज सचिव की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में अनेक बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने महासमुंद जिले के समस्त पदाधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### विडंबना : ठेकेदार को भूसे का ठेका मिला वह जिले से बाहर का

## संग्रहण केंद्रों में बिना भूसा बिछाए लगाए जा रहे धान स्टेक, असुरक्षा को न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान का उठाव शुरु होने के साथ धान संग्रहण केंद्र शुरु तो हुए। लेकिन, यहां भूसे के नाम पर हेराफेरी किए जाने के लिए भूसा मंगाया ही नही जा रहा। जिस ठेकेदार को भूसे का ठेका मिला वह जिले से बाहर का है और अफसरों द्वारा दबाव नहीं बना पाने के चलते भूसे की किल्लत शुरु हो गई है। संग्रहण केंद्रों में पहुंचने वाली ट्रकें कई घंटे तक खाली नहीं हो पा रही हैं जिसके कारण महासमुंद के संग्रहण केंद्र में मजबूरी में ट्रांसपोर्टर को 20 ट्रक भूसा मंगाना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि जिले में राइस मिलरों द्वारा अपनी मांगों के चलते पंजीयन नहीं कराए जाने के कारण उठाव नही किया जा रहा था। इधर, समितियों में बढ़ते दबाव के चलते मिलरों को डीओ को जारी किए गए लेकिन, उठाव की धीमी गति और समितियों को होने वाले नुकसान की आशंका के चलते संग्रहण केंद्रों में धान भेजे जाने की शुरुआत हुई। लेकिन, ट्रांसपोर्टर जब धान लेकर संग्रहण केंद्र पहुंच रहे हैं तो यहां की स्थिति और चिंताजनक नजर आ रहा है। बिना भूसा के धान को ट्रांसपोर्टर भी खाली करने को राजी नही क्योंकि ऐसा करने से धान सड़ने की आशंका रहेगी और शासन को आगामी दिनों में करोड़ों की क्षति होगी। सूत्रों की मानें तो पुराने सड़े हुए भूसे से ही काम चलाए जाने की तैयारी है ताकि आगामी दिनों में भूसा सप्लाई की बोगस बिलिंग की जा सके।



#### पुराने भूसे में सांप बिच्छू का भय

मौजूदा रेजा और हमालों को संग्रहण केंद्र में पुराने भूसे में सांप, बिच्छू का भय सता रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पुराने भूसे को नए प्लास्टिक बैग में भराया जा रहा है जिसके कारण दो रेजा बिच्छु के काटे जाने का शिकार हो गए। मामले में ट्रांसपोर्टरों ने भी भूसा नही होने को लेकर आपत्ति जताई है।

#### अब तक 77503 किसानों से 407016.64 टन धान खरीदा जा चुका है धान

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान सुचारू रूप से जारी है। नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि 17 दिसंबर तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 77503 किसानों से 407016.64 टन धान खरीदा गया, जिसकी राशि 936 करोड़ 15 लाख रुपए किसानों को वितरित की गई। उन्होंने बताया कि जिले के उपार्जन केंद्रों में एक करोड़ 53 लाख 7 हजार से अधिक बारदाना प्राप्त हुआ है। जिसमें 79 लाख 5 हजार 758 नया बारदाना है। 50 लाख 86 हजार 557 बारदाना मिलर से प्राप्त, 15 लाख 39 हजार 910 पीडीएस से प्राप्त तथा किसानों से 3 लाख 19 हजार 131 बारदाना प्राप्त हुआ है। एक करोड़ 2 लाख 58 हजार 718 बारदाने का उपयोग उपार्जन केंद्रों में किया जा रहा है। अभी 50 लाख 48 हजार 343 बारदाना शेष है।

## कांग्रेस ने अमित शाह का पुतला दहन कर इस्तीफे की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय संसद में भारत के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माता में से एक भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के बारे में उलजुलूल बयान देकर अपनी अयोग्यता को प्रदर्शित किया है। डॉक्टर अंबेडकर विपुल प्रतिभा के धनी जिन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय अमेरिका और लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की तथा विधि,अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य किया है। डॉ. बीआर अंबेडकर 64 विषयों के मास्टर रहे जिन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान रहा। साथ ही उनके पास 32 डिग्री थी। ऐसे ही डॉ भीमराव अंबेडकर के बारे में बयान देना गृहमंत्री अमित शाह के अज्ञानता को दर्शाती है। इसका अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रत्येक जिले मुख्यालय में अमित शाह का पुतला दहन कर उनसे सांसद पद से इस्तीफा की मांग की गई एवं महामानव डॉ भीमराव अंबेडकर से माफी मांगने की बात कही गई।

**प्रदर्शन के दौरान यह रहे मौजूद:** पुतला दहन के प्रदर्शन में विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, राशि महिलांग नगर पालिका अध्यक्ष, प्रमोद चंद्राकर जिलाध्यक्ष वनोपज, कृष्ण चंद्राकर नगर पालिका उपाध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, हीरा बंजारे, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, गौरव चंद्राकर, विजय साव, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, निखिलकांत साहू, शाहबाज राजवानी, कपिल साहू, नितेंद्र बैनर्जी, तुलसी साहू, राजू साहू, शकील खान, कविता तिवारी, माया पांडे, सोनम रामटेके, मनोहर ठाकुर, इमरान कुरैशी, बसंत चंद्राकर, लीलू साहू, बबलू महानंद, प्रकाश अजमानी, संतोष ठाकुर, मेहूल सूचक, एरिश अनवर, इब्राहिम खान, सिद्धांत साहू, युवराज साहू, भानू सोनी एवं अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों के खिलाफ अवैध शराब पिलाने के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम आंवराडबरी में मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबेरा बाई नेताम के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया। वहीं, ग्राम आंवराडबरी के गौठान के पास चखना ठेला में अवैध रूप से शराब पिलाने का साधन उपलब्ध कराते शोभा बाई मरकाम को पकड़ा। इसी तरह ग्राम बीकेबाहरा में एनएच 353 रोड बजरंगबली मंदिर के पास चखना ठेला में बाबूराम गोंड अवैध रूप से शराब पीने-पिलाने का साधन उपलब्ध करा रहा था, जिसे पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने तीनों ही मामलों में धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## जार्ज सोरस के इशारे पर राजनीतिक अस्थिरता पैदा कर रहे राहुल : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संसद परिसर में आज हुई घटना ने न केवल कांग्रेस के दोहरे चरित्र को उजागर किया है, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि दूसरी पार्टियों पर गुंडागर्दी के आरोप लगाने वाले लोग ही इसमें सबसे आगे हैं। उक्त बातें लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने संसद परिसर में हुए घटनाक्रम के बाद कहीं।

सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा है कि आज राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के सांसदों द्वारा यूपीए के सांसदों द्वारा बाबा साहब अंबेडकर को लेकर की जा रही ओछी राजनीति एवं भारत के गृह मंत्री अमित शाह पर लगाए जा रहे अनर्गल आरोपों के विरुद्ध संसद परिसर में शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, उसी समय राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के नेतृत्व में यूपीए घटक दलों के सांसदों द्वारा बलात एवं गुंडागर्दी वाला आचरण प्रस्तुत किया। संसद परिसर में भारतीय जनता पार्टी के सांसद जहां खड़े होकर शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे सीआईएसएफ के जवानों ने उसके बाजू से एक संरक्षित मार्ग यूपीए के घटक दलों के सांसदों के लिए बनाया हुआ था, उसके बाद भी राहुल गांधी भारतीय जनता पार्टी की महिला सांसद एवं बुजुर्ग सांसदों के साथ बदतमीजी एवं धक्का मुक्की करते हुए संसद परिसर के अंदर चले गए, जिसके फल स्वरुप राहुल गांधी के धक्के से गिरकर भारतीय जनता पार्टी के दो सांसदों को गंभीर चोट आई।



ओडिशा के सांसद प्रताप सारंगी दिल्ली के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती हैं। महिलाओं एवं बुजुर्गों के साथ राहुल गांधी का यह व्यवहार उनके चरित्र को उजागर करता है। जॉर्ज सोरस के इशारों पर देश में राजनीतिक अस्थिरता पैदा करके देश के विकास को रोकना चाहते हैं,और जैसे इनके पूर्वजों ने सत्ता लोलुपता के लिए देश के विभाजन को स्वीकारा था, वैसे ही राहुल गांधी सत्ता में आने के लिए फिर से देश को टुकड़ों में बांटने के प्रयास में है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

### मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड सहित अन्य योजनाओं में माना गया है परिवार को इकाई

## योजनाओं का अलग से लाभ लेने बिखर रहा संयुक्त परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में संयुक्त परिवार की परंपरा अब समाप्त होते नजर आ रही है। आवास, शौचालय, राशन सहित अधिकांश शासकीय योजनाओं के लिए परिवार को इकाई माना गया है। इन योजनाओं का लाभ लेने के फेर में कई संयुक्त परिवार अलग-अलग होते नजर आ रहे हैं। मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड की लगातार बढ़ती संख्या इस बात की पुष्टि कर रही है। खासकर गांवों में जहां पर पहले संयुक्त परिवार की परंपरा थी, वहां भी अब राशन कार्ड, जॉब कार्ड बनवाने के लिए एकल परिवार का चलन बढ़ने लगा है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत मनरेगा को जोड़ दिया गया था। मनरेगा में काम करने वाले शौचालय विहीन हर परिवार के घर में शौचालय बनाने का आदेश भी दिया गया। शौचालय निर्माण के दौरान मजदूरी भी घर का ही मनरेगा मजदूर करता था। इस लिहाज से स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनाने के लिए गांवों में मनरेगा जॉब कार्ड एक तरह से अनिवार्य कर दिया गया था। इस योजना के शुरू होते ही मनरेगा में परिवारों की संख्या एकाएक बढ़ने लगी थी। पीएम आवास योजना से भी मनरेगा को जोड़ा गया है। इसके तहत मनरेगा मजदूरों के परिवार को प्राथमिकता के तहत आवास योजना का लाभ दिया जाना है। जब से मनरेगा के साथ पीएम आवास जोड़ा गया है, मनरेगा में काम करने वाले परिवारों की संख्या भी बढ़ने लगी है।



जानकारी के अनुसार वर्ष 2016-17 से 2022-23 के दौरान जिले में 73,266 आवास स्वीकृत हुए हैं। इनमें से अब तक 69,905 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 3,361 आवास निर्माणाधीन हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत महासमुंद जिले में 583 विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों का सर्वे एवं पंजीयन पूरा हो चुका है। सभी हितग्राहियों को आवास स्वीकृत किया गया, जिनमें से 3 दिसम्बर तक 195 आवास पूर्ण हो चुके हैं तथा 388 आवास प्रगतिरत हैं। जिसके तहत 579 हितग्राहियों के खाते में प्रथम किस्त की राशि जमा किया गया है। इसी तरह 504 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त, 353 हितग्राहियों को तृतीय किस्त एवं 112 हितग्राहियों को चतुर्थ किस्त की राशि जारी किया जा चुका है।

#### ग्रामसभा को नाम जोड़ने का अधिकार

मनरेगा जॉब कार्ड बनवाने के बाद दो साल तक मनरेगा मजदूरी नहीं करने पर जॉब कार्ड को असक्रिय कर दिया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनवाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने जॉब कार्ड बनवाया था। काम नहीं करने की स्थिति में वे असक्रिय हो गए थे। अब आवास के लिए फिर से बड़ी संख्या में जॉब कार्ड सक्रिय किए जा रहे हैं। यही नहीं नया जॉब कार्ड बनाने के लिए भी लगातार आवेदन आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जॉब कार्ड के लिए मनरेगा में नाम जोडने और काटने का अधिकार ग्रामसभा को है।

#### इन वजहों से टूट रहे परिवार

मनरेगा में ऐसे कई मामले जिसमें एक जॉब कार्ड से दो से तीन लोगों ने आवास के लिए आवेदन किया था। एक जॉब कार्ड होने के कारण उन्हें एक परिवार मानकर परिवार के अन्य सदस्यों को आवास का लाभ नहीं दिया गया। बाद में उसी परिवार के सदस्य ने अलग जॉब कार्ड बनाकर आवास के लिए आवेदन किया, तो उसे पात्र सूची में पात्र हुए। मुफ्त या सस्ते में राशन पाने के चक्कर में लोग अलग से राशन कार्ड बना रहे हैं। इसके लिए अलग चूल्हा भी दिखाना पड़ता है। अन्य कई योजनाओं में भी यही स्थिति है, जिसके चलते संयुक्त परिवार की परंपरा समाप्त हो रही है।

आवश्यकता है
हरिभूमि
महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में
रिपोर्टर (2 पद)
के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।
अनुभवी को प्राथमिकता
(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
-संपर्क करें-
99811-31365
Email-haribhoomi.msmd@gmail.com
हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

# बाबा गुरु घासीदास ने दिया मनखे-मनखे एक समान का संदेश



बागबाहरा। शहर के वार्ड क्रमांक 9 में सामजिक बंधुओं द्वारा बाबा गुरु घासी दास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शंकर तांडी ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया है, उनका यह संदेश मानव को एक दूसरे से जोड़ने का काम कर रही है। बाबा का मनखे मनखे एक समान का संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने बाबा के संदेश को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर गंगाराम, मीरा ओगरे, गप्पी चेलक, मुकेश ओगरे, देवनाथ ओगरे, रामेंश्वर कोसरिया, जया कोसरिया, कुमारी कोसरिया, दीपक कोसरिया, शांतिलाल आदि उपस्थित रहे।

# संत बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार



**महासमुंद।** भाजपा नेता अशवंत तुषार साहू मनखे-मनखे एक समान का संदेश देने वाले सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा संत गुरु घासीदास जयंती अवसर पर आयोजित जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 के ग्राम तेंदूवाही, कुकरडीह, भोरिंग में शोभायात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। पवित्र जैतखाम की पूजा-अर्चना कर शुभाशीष प्राप्त किया और समस्त क्षेत्र वासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। तुषार साहू ने कहा कि घासीदास बाबा ने मनखे-मनखे एक समान, सदा सत्य बोलो, मांस मदिरा सहित अन्य कुरीतियों से दूर रहने व पंचतत्व से मानव जीवन की उत्पत्ति का बोध कराने जैसे कई संदेशों को लोगों तक पहुंचाया था। इस आयोजन के जरिए भी हम उनके संदेशों को आज की पीढ़ी तक पहुंचाते हैं। शाम 4:00 बजे जैतखाम स्थल पर चौका मंगल आरती की। फिर जैतखाम में सफेद ध्वज फहराया गया।

## खबर संक्षेप

### रामसागरपारा स्कूल में बलिदान दिवस मनाया

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला रामसागरपारा (संकुल पटेवा) में 19 दिसंबर को महान क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें याद किया गया। शिक्षक कोमल दीवान ने विद्यार्थियो को, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरगाथा के बारे में बताया कि आज का दिन बहुत अहम है । मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। आजाद भारत का सपना लिए हुए फांसी के फंदे को चूम लिया।

### मामाभांचा में मडई मेला का आयोजन 5 को

**महासमुंद।** ग्राम मामाभांचा में बैठक आहूत कर 5 जनवरी रविवार को मड़ई मेला आयोजन का निर्णय लिया गया। रात्रि में खोखसा का जय मामा भांचा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का कार्यक्रम होगा। गांववासियों ने श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए आरक्षित जमीन का निरीक्षण किया। जिसमें सर्व सम्मति से श्रीराम मंदिर निर्माण, हनुमान मंदिर एवं मां गायत्री मंदिर निर्माण करने के लिए जगह चयनित किया गया। बैठक में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष वेद कुमार दीवान, उपाध्यक्ष अश्विनी कन्नौजे, सचिव राजकुमार साहू, श्रीराम मंदिर निर्माण समिति सरंक्षक विजय दीवान, अध्यक्ष त्रिलोक चंद जैन, उपाध्यक्ष बसंत साहू, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, सचिव मनोज गोस्वामी, पूर्व अध्यक्ष मोहन लाल साहू, कोमल महानंद, केशव साहू, टिकेश साहू, रुपेश साहू, लेखू राम दीवान, छन्नू राम साहू, मूरतसिंह ध्रुव, खिलेश्वर साहू, देव प्रकाश साहू, भेखलाल पटेल, अरुण साहू, राजा गोस्वामी, गोविंद दीवान, जीवराखन साहू, मन्नू साहू, गोविंद कन्नौजे, धनसाय साहू, दिनेश पटेल आदि मौजूद रहे।

# भारत की जनता के स्वभाव एवं संस्कार में ही है सहकारिता : अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल की मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन 2024 के अंतर्गत एक दिवसीय सहकारिता प्रशिक्षण/संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि एसआर बंजारे प्रचार प्रसार अधिकारी जिला सहकारी मर्या संघ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जी एल कौशिक उपस्थिति रहे।

प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इस संबंध में कहा कि भारत की जनता के स्वभाव एवं संस्कार में ही सहकारिता है और ये कोई उधार लिया हुआ विचार नहीं है, इसलिए भारत में सहकारिता कभी भी अप्रासंगिक नहीं हो सकता है। सहकारिता के माध्यम से गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊपर उठाया व छोटे किसानों को समृद्ध बनाया जा सकता है और ये सिर्फ देश की युवा शक्ति ही कर सकती है। साथ ही जीवन में सहकार को अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता एस आर बंजारे ने अपने वक्तव्य में कहा कि सहकारिता का अर्थ साथ-साथ कार्य करना है, इस क्षेत्र में कार्य कर जनता की सेवा में तत्परता से रहने हेतु प्रोत्साहित किया। उनके वक्तव्य का प्रथम बिंदु सहकारिता से समृद्धि विषय पर आधारित था, इस विषय पर आगे कहा कि छोटे से छोटे व्यक्ति को विकास की प्रक्रिया में हिस्सेदारी बनाना, सहकारिता की प्रक्रिया से हर घर को समृद्ध बनाना और हर परिवार की समृद्धि से देश को समृद्ध बनाना, यही सहकार से समृद्धि का मंत्र है। द्वितीय बिंदु शिक्षा के क्षेत्र में सहकारिता की भूमिका रोजगार मूलक शिक्षा पर आधारित था। तथा अपने वक्तव्य के अंतिम बिंदु में छात्र छात्रों के लिए सहकारिता क्यों आवश्यक है, इस पर विस्तृत चर्चा करते हुए सहकारिता के किन-किन क्षेत्रों में विद्यार्थी अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं इसके बारे में जानकारी प्रदान की।



उन्होंने सहकारिता के उद्देश्य को बतलाते हुए कहा कि सहकारिता के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय विश्वविद्यालय बनाने की योजना चिकित्सा के क्षेत्र में जेनेरिक दवाएं कम कीमत पर उपलब्ध कराना, कृषि के क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देने डेयरी क्षेत्र में संभावना बैंक क्षेत्र के बारे में प्रमुखता से चर्चा की। साथ ही उन्होंने विभिन्न सहकारी समितियों के सफलताओं के उदाहरण देते हुए बताया कैसे अमूल, लिज्जत पापड़ जैसे सहकारी समितियां सहकारिता के मूलतत्व को समाहित रखते हुए मार्केटिंग, मैनेजमेंट व उत्पादन के क्षेत्र में आज देश विदेश में अपना परचम लहरा रहे हैं। तत्पश्चात कौशिक ने अपने वक्तव्य के दौरान स्वरोजगार के संबंध में अपने विचार रखें, विद्यार्थियों को इस माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सहायक प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर ने सहकारिता के संबंध में विद्यार्थियों को निर्देशित करते हुए बताया कहा कि शिक्षा प्राप्त करने का एकमात्र उद्देश्य नौकरी प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, अन्य क्षेत्र में भी रोजगार की ओर विचार करें। सहायक प्राध्यापक रवि देवांगन ने सहकारिता के अंतर्गत मछली पालन, रेशम पालन, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी जनमानस को सरकार के द्वारा प्रदान किए जाने वाले अनुदान के संबंध में भी बतलाया। स्वयं तथा समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर होने में अपनी भूमिका निभाए। भारत के सहकारिता आंदोलन के पुरोधाओं ने हमें जो यह मजबूत प्लेटफार्म दिया है उस पर हम सबको मिलकर एक मजबूत इमारत खड़ी करनी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार बांधे ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इतने बड़े देश में अगर सर्वस्पर्शीय, सर्वसमावेशी विकास का कोई आर्थिक मॉडल हो सकता है तो वह सहकारिता का मॉडल हो सकता है। तरुण बांधे आगे कहा कि अगर छोटे-छोटे लोगों की बड़ी संख्या एकजुट होकर, एक लक्ष्य के साथ, बंधुत्व भाव से एक दिशा में काम करें तो एक बड़ी ताकत निर्मित हो सकती है यही सहकारिता का मूलमंत्र भी है। संकल्प शक्ति, साफ नीयत, परिश्रम व संघ भाव से काम करना इन 4 सूत्रों को आत्मसात कर ही हम सहकारिता आंदोलन को गति दे सकते हैं। जिस दिन आप खुद की बजाए दूसरों के लिए सोचना शुरू करते हैं तो बहुत सारे लोग आपके लिए सोचते हैं, यही जीवन में सफलता का मंत्र है। एक दिवसीय सहकारिता प्रशिक्षण में सहकारिता से संबंधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई जिसमें सही उत्तर देने पर 20 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया किया। प्रशिक्षण में सहभागी सभी छात्र-छात्राओं को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन निलेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम पर आभार प्रदर्शन चित्रेश बरेठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों में मुकेश कुमार सिन्हा, माधुरी दीवान, आलोक त्रिलोक हिरवानी, डॉ. ग्लैडिस मैथ्यू, संजय कुमार, शेषनारायण साहू (प्रयोगशाला तकनीशियन) तथा जगतारण बघेल (प्रयोगशाला तकनीशियन) आदि उपस्थित थे। साथ ही कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के कर्मचारी कौशल साहू ने

# पॉलिटेक्निक में सरकार की वर्षगांठ पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष के ऐतिहासिक सफर को समर्पित सुशासन का एक वर्ष कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पॉलिटेक्निक में बड़े उत्साह और उत्सवमय वातावरण में किया गया। यह कार्यक्रम सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य इंजीनियर चंद्रिका विश्वकर्मा द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार की



विभिन्न योजनाओं को सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत करते हुए उनके लाभ, प्रभाव और सफलता की कहानियों को साझा किया। यह सत्र विशेष रूप से प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने अपने भाषण में सुशासन की महत्ता पर जोर देते हुए बताया कि यह केवल प्रशासन का कार्य नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सुशासन से समाज के हर वर्ग को लाभ मिलता है और इसके सफल क्रियान्वयन में हम सभी का योगदान आवश्यक है। सिविल इंजीनियरिंग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शोभा मालीवाल ने शासन की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयोगी योजनाओं की जानकारी दी। उनका संबोधन छात्रों को प्रेरित करने वाला और योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने वाला रहा। कार्यक्रम में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं और सभी प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की गई। इस विशेष अवसर पर डॉ. लक्ष्मीकांत कराल, शारदाचरण गुप्ता, आनंद साहू, नीलकमल साहू, हेमंत महोबिया सहित कई अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन सालिक राम ढीमर द्वारा सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

# सेनभांठा में धूमधाम से मनाई गई संत बाबा गुरु घासीदास की जयंती

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम सेनभांठा में सतनामी समाज द्वारा 18 दिसंबर बुधवार को संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास की 268वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दिन समाज के मेंघराज ढीढी, दशरथ ढीढ़ी, पृर्थीदास टंडन पीलूराम ढीढी, नेमीचंद ढीढी, हुमन लाल राजकुमार, सोनउ टंडन, दिलीप टंडन इत्यादि ने बाबा गुरु घासी व पवित्र जैतखाम की पूजा अर्चन कर महाआरती की गई। बाबा के जयकारा लगाते हुए उनकी महिमा का बखान किया। उन्होंने बताया कि बाबा गुरु घासीदास सतनाम पथ के संस्थापक भी रहे



और संपूर्ण मानव जाति को मनखे-मनखे एक समान का प्रेरक संदेश देकर समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया। इस दौरान समाज प्रमुख द्वारा जैतखाम पर सफेद पताका चढ़ाया गया। इस अवसर पर रात्री में मनोरंजन के लिए सेवती काल द पंथी पार्टी झलप का आयोजन हुआ। इस दौरान सोहद्रा बाई, ललिता केकती बाई, हेमीनबाई, तान्या, अमृका, आनंद अमित टंडन आदि मौजूद रहे।

# तुमगांव में बाबा गुरु घासीदास जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**महासमुंद।** तुमगांव में सतनामी समाज द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। इस मौके पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सर्व समाज के लोग व जनप्रतिनिधियों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया। संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा का आशीर्वाद लिया। शोभायात्रा में सतनाम पंथ के कलाकारों द्वारा पूरे नगर में पंथी नृत्य कर डीजे के थाप पर करते रहे। शोभायात्रा भाठापारा से मुख्य रोड होते हुए वार्ड नं 08 जैतखाम में पालो चढ़ाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष मीना सुनील शर्मा, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति पार्षद धर्मेंद्र यादव, नेता प्रतिपक्ष विजय बांधे, वरिष्ठ नेता चैनूराम साहू, वार्ड पार्षद सरस्वती मूर्ति, द्रोणाचार्य साहू, विनोद गहरवाल, सुरेश निर्मलकर, डोमार पटेल आदि मौजूद रहे।

## 150 शिक्षकों, पालकों और बालकों की टीम ने किया कोकड़ी सरकारी स्कूल का शैक्षिक भ्रमण

# बेमेतरा की शैक्षिक टीम चेतना विकास मूल्य शिक्षा से प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बेमेतरा जिला के शिक्षकों, पालकों, बच्चों की 140 सदस्यीय टीम ने कोकडी सरकारी स्कूल में संचालित चेतना विकास मूल्य शिक्षा का अवलोकन कर इसे अपने जिले और स्कूलों में लागू करने का संकल्प लिया है। इसके तहत महासमुंद जिले के शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया शिक्षक कोकड़ी सरकारी स्कूल को आमंत्रित किया जाएगा और वहां चेतना विकास मूल्य शिक्षा कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

ज्ञात हो कि बेमेतरा जिला महासमुंद विकासखंड शिक्षाधिकारी लीलाधर सिन्हा का गृह जिला है। बीईओ महासमुंद के गृह जिले से



मुकेश देवांगन शिक्षक बेमेतरा के नेतृत्व में टीम ने कोकड़ी सरकारी स्कूल के बच्चों से एक-एक कर रूबरू हुए, जिसमें उन्होंने भाषा, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण के अतिरिक्त चेतना विकास मूल्य शिक्षा पर भी सवाल-जवाब किए। बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। गीत, कविता और अभिव्यक्ति कौशल का भी मूल्यांकन किया गया। बच्चों के अभिव्यक्ति कौशल, फर्राटेदार हिंदी, अंग्रेजी के पाठों का पठन, स्वतंत्र विचार, शिक्षा के मानवीयकरण के प्रयोग, प्रयास से टीम गदगद हो गई। मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही ने सभी बच्चों, शिक्षकों और पालकों का स्वागत कर भोजन कराकर आश्रम के उद्देश्यों से परिचित कराया। प्रोजेक्टर से बच्चों को जिसके पास जो रहता है, वो वही बांटता है, वीडियो तथा सुख-समृद्धि पावर प्वाइंटस भी दिखाया गया। बेमेतरा से आए सभी बच्चों का स्वागत कर कोकड़ी गांव के ग्रामीण गदगद हो गए।

स्वागत के लिए डॉ अनिल देवदास, पशु चिकित्सक पटेवा, मनीराम यादव, मनी पंजाबी ढाबा तोरला, रागेश्वर सरस्वती शिशु मंदिर झलप, राखी गेंदलाल मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही से, शंकर खैरवार, खैरवारडेरा नवागांव से विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# खरोरा में गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**महासमुंद।** 19 दिसंबर को ग्राम खरोरा में गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, चोवाराम पटेल, रवि, हरिराम, नंदलाल, भागवत, बलदाऊ, कौशल, हीरो, छम्मना, श्यामलाल, महेंद्र, मोहन, विजेश, गायत्री, सुनीता, हेमा, लाजवंती, राहुल रहे। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि संतराम कि गुरु घासीदास ने सबको सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का नारा देकर समाज में फैली कुरीतियों, सामाजिक विसंगतियों, भेदभाव, छुआछूत की भावना को दूर किया। हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सतनामी केवल विशेष जाति वर्ग नहीं है अपितु जो परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा के दिखाए मार्ग पर चले, सत्य मार्ग पर चलता है



## खबर संक्षेप

### मोटराइज्ड ट्रायसायकल मिलने से आत्मनिर्भर बने टिकेश्वर पटेल

**महासमुंद।** पिथौरा के ग्राम अठठारहगुढ़ी निवासी टिकेश्वर पटेल, जो 80 प्रतिशत अस्थि बाधित हैं, उनका जीवन एक समय में दूसरों पर निर्भर था। अपने गांव से बाहर निकलना उनके लिए चुनौतीपूर्ण था, जिससे वे सीमित अवसरों और निराशा से घिरे रहते थे। उनके जीवन ने तब नया मोड़ लिया जब उन्हें समाज कल्याण विभाग की मोटराइज्ड ट्रायसायकल योजना की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत आवश्यक दस्तावेज तैयार कर आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी समस्या को समझते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की और 16 जुलाई 2024 को कलेक्टर लंगेह के हाथों उन्हें मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। ट्रायसायकल ने पटेल के जीवन को पूरी तरह बदल दिया। अब वे स्वतंत्र रूप से गांव और आसपास के इलाकों में मौसमी साग-सब्जी और मशरूम बेचने का काम कर रहे हैं। यह ट्रायसायकल उनके लिए सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई है। उनका व्यवसाय बढ़ने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी कई गुना बढ़ गया। टिकेश्वर पटेल ने अपनी सफलता का श्रेय जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग को दिया। उन्होंने कहा कि यह सहायता मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे न केवल मेरी आजीविका सुधरी है, बल्कि मुझे खुद पर विश्वास भी हुआ है कि मैं अपने परिवार का पालन-पोषण कर

## सजग : धान खरीदी के नोडल अधिकारियों को दिए निर्देश

# बारिश की संभावना, धान बचाव के लिए सुरक्षा का हो पुख्ता इंतज़ाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बारिश की संभावना को देखते हुए समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान की समुचित सुरक्षा के उपाय करने कहा है। धान खरीदी के निरीक्षण के लिए नियुक्त समस्त नोडल अधिकारी अपने-अपने धान खरीदी केंद्रों में बारिश से धान के बचाव की समुचित व्यवस्था करें और जानकारी लेते रहे। उन्होंने प्राप्त जानकारी अपने क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी को प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंजीयक सहकारी समिति, धान खरीदी नोडल अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करने और बारिश से धान की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर लंगेह ने ज़िले के सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी, धान खरीदी केंद्रों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केंद्र में जाकर बारिश से समुचित बचाव की व्यवस्था की रिपोर्ट प्राप्त करने और जहां आवश्यकता है, आवश्यक व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी उपार्जन केंद्रों में धान की स्टेकिंग बारिश से बचाव के लिए उचित तरीके से ढका हुआ हो, यह सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में धान खराब न हो। सभी उपार्जन केंद्रों में तिरपाल से धान के स्टेकिंग ढंका रहे, इसका ध्यान रखें। किसी भी केंद्र में अव्यवस्था दिखे तो तत्काल दुरुस्त करवाते हुए जिला कार्यालय को सूचित करे। साथ ही नियंत्रण कक्ष के माध्यम से भी रिपोर्ट एकत्रित करवाएं।

# गुप्ता समाज की बैठक में सामूहिक विवाह व परिचय सम्मेलन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता समाज द्वारा दुर्ग जिला के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं महिला मंडल के पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्ष दुर्ग में अरविंद गुप्ता के अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 2025 में अखिल भारतीय सामूहिक विवाह एवं परिचय सम्मेलन आयोजित करने के लिए विशेष चर्चा हुई ,चर्चा उपरांत सभी की राय एवं सहमति से दुर्ग जिला में अखिल भारतीय सामूहिक विवाह व परिचय सम्मेलन कार्यक्रम आने वाले वर्ष 22 व 23 नवंबर 2025 को आयोजित किए जाने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। दुर्ग जिला के लिए सभी स्वजातीय बंधुओं एवं सभी स्वजातीय महिलाओं के अथक प्रयास एवं सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा व सभी की सक्रिय भागीदारी रहेगी। उक्त जानकारी सरायपाली के सामाजिक सदस्य दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जाने के लिए सभी प्रकार की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। आने वाले समय में सभी सदस्यों को उनकी क्षमता व योग्यतानुसार जवाबदारी व जिम्मेदारी दी जाएगी। इस वृहद कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम स्थल का भी सुविधानुसार चयन किया जाएगा। विवाह में अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए समाज में सामूहिक विवाह को प्राथमिकता दिए जाने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन समाज द्वारा आयोजन किए जाते रहते हैं। ताकि खर्चों का बोझ कम हो सके। वहीं इसी उद्देश्य को ध्याम में रखते हुए एक ही स्थल पर विवाह योग्य युवक व युवतियों को व उनके परिजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए भाग दौड़ की जिंदगी में मनपसंद वर-वधू खोज पाना बहुत ही मुश्किल हो गया है उसे सुलभ व सहज बनाए जाने हेतु परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया जाता है ताकि एक ही स्थान पर इसकी पूर्ति हो सके। इस तरह के सम्मेलन का उद्देश्य सर्फ समाज मध्यस्थता करता है। बैठक में उपस्थित समाज के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, संरक्षक नल कुमार गुप्ता, सचिव शैलेंद्र कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष बिनोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, सहसचिव मूलचंद गुप्ता, फूलचंद गुप्ता, सहकोषाध्यक्ष अभिलाष गुप्ता, संगठन प्रमुख शत्रुहन गुप्ता, सहसंगठन प्रमुख राम बाबू गुप्ता, प्रमुख सलाहकार राम खिलावन गुप्ता, प्रचार प्रमुख योगेश गुप्ता, सह प्रचार प्रमुख हरिओम गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, विक्की गुप्ता, धीरेंद्र गुप्ता, व्रजेश गुप्ता, महिला मंडल अध्यक्ष संतोषी गुप्ता, उपाध्यक्ष अंजू गुप्ता, उपाध्यक्ष राधा गुप्ता, सचिव सुधा गुप्ता, कोषाध्यक्ष काजल गुप्ता, सहकोषाध्यक्ष मंजू गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य प्रतिभा गुप्ता आदि समाज के लोग उपस्थित थे।



### भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर अन्नदाता किसानों का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम बम्हनी में किसानों का सम्मान कृषि साख सहकारी समिति बम्हनी के प्राधिकृत अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय एवं धान खरीदी केंद्र के कर्मचारियों द्वारा सोसायटी प्रांगण में किया गया। इस आयोजन में राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कृषकों को गमछा हार, गुलाल एवं फल भेंटकर सम्मानित किया गया और उन्हें किसान से जुड़े लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अयोजन के दौराण बम्हनी सोसायटी अध्यक्ष के साथ पन्नालाल साहू, युगेश राजू साहू, पुरषोत्तम बल्लू साहू, कमलेश साहू, राकेश साहू आदि मौजूद रहे।

# पेंशनरों की मांगों पर निराकरण का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेंशनर दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ नगरीय विकास पेंशनर संघ के प्रदेशभर के पेंशनर उपस्थित हुए। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सुभाष स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकेश्वर साहू उपसंचालक नगरीय प्रशासन तथा अध्यक्षता डॉ.डीसी जैन प्रांताध्यक्ष द्वारा की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं पेंशनर संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ.डीसी जैन द्वारा अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि लोकेश्वर साहू उपसंचालक नगरीय प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराते हुए बताया गया कि शासकीय कर्मचारियों के अनुरूप नगरीय निकाय पेंशनरों को 50 प्रतिशत महंगाई राहत का लाभ दिया जाना है, जो आज पर्यन्त तक अप्राप्त है। बहरहाल, 46 प्रतिशत के डीए प्राप्त हो रहा है, वहीं दूसरी ओर 04 माह का डीए का एरियर्स भुगतान भी लंबित है। मुख्य अतिथि द्वारा पेंशनरों की मांग शासन तक पहुंचाने एवं शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया। प्रांताध्यक्ष डीसी जैन द्वारा नगरीय निकायों में एल्डरमैन पद पर निकायों के पेंशनरों को लिए जाने की मांग दोहराते हुए प्रशासनिक कार्यों में कुशलता एवं गति आने की बात कहीं गई। शासन द्वारा इस संबंध में विचार की आवश्यकता पर बल देते हुए मुख्य अतिथि एवं उपस्थित पेंशनरों को कृतज्ञता जाहिर किया गया। सभा समापन की घोषणा बीडी सोनवानी प्रांतीय संगठन एवं प्रचार मंत्री ने की।

# पुरानी कृषि मंडी परिसर में कृषि मंत्री ने दी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की स्वीकृतिः सरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग छत्तीसगढ़ शासन के सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने बताया कि बहुत लंबे समय से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की कमी महसूस हो रही थी साथ ही व्यापारियों द्वारा पुरानी मंडी परिसर में खाली पड़े स्थान पर दुकान/कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए आग्रह किया जा रहा था, जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए छत्तीसगढ़ शासन के कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मिलकर उनके समक्ष प्रस्ताव रखा गया। जिसे कृषि मंत्री ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को पुरानी मंडी परिसर सरायपाली में खाली पड़े स्थान पर दुकान/ कॉम्प्लेक्स बनाने हेतु प्रस्ताव, ब्लूप्रिंट, स्थल निरीक्षण एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई कर रिपोर्ट देने हेतु निर्देशित किया था। कृषि उपज मंडी समिति की तरफ से विभागीय रिपोर्ट कृषि मंत्री को दी जा चुकी है। अब अतिशीघ्र स्वीकृति और दुकान निर्माण की प्रक्रिया पूरी जाएगी। प्राक्कलन एवं विभागीय रिपोर्ट में 164 दुकान और 4 हाल के लिए 8 करोड़ 61 लाख 82 हजार के प्रस्ताव पर प्रारंभिक स्वीकृति दी है।

सरला कोसरिया ने बताया कि अंतिम स्वीकृति एवं कार्यादेश संपूर्ण आवश्यक कार्रवाई के बाद अतिशीघ्र दी जाएगी। कृषि मंडी की पुरानी आफिस भवन तरह 4 करोड़ 30 लाख 13 हजार की लागत से एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनेगा जिसमें ग्राउंड तल पर 48 नग एवं प्रथम तल पर 48 नग दुकान का निर्माण होगा। वही पुरानी मंडी के गेट के पास 1 करोड़ 93 लाख 79 हजार की लागत से ग्राउंड तल पर 22 नग दुकान एवं प्रथम तल पर 4 नग हाल का निर्माण किया जाएगा। तीसरा जिला सहकारी बैंक की तरफ 2 करोड़ 37 लाख 90 हजार की लागत से ग्राउंड तल पर 24 नग एवं प्रथम तल पर 22 नग दुकान का निर्माण किया जाएगा। ये सारे दुकान कृषि उपज मंडी समिति के अधीन होंगे। छत्तीसगढ़ शासन की इतनी बड़ी सौगात से सरायपाली नगर वासियों और व्यापारियों में खुशी की लहर है। अब उन्हें छोटे बड़े व्यापार के लिए कम दर पर दुकान मिलेंगे। जिसमें वे अपना रोजगार स्थापित कर अथवा दुकान खोलकर अपना रोजगार स्थापित करेंगे। इस स्वीकृति के लिए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त दिया है।

# 60 साल देश में राज करने वालों ने बाबा साहेब का कभी सम्मान नहीं किया : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला

- **कांग्रेस ने किया अपमान, भाजपा ने अंबेडकर की स्मृति में बनाया**

सहसंयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने संसद भवन में राहुल गांधी के हिंसात्मक आचरण को बेहद शर्मनाक व नेता प्रतिपक्ष जैसे जिम्मेदार पद का अपमान बताया है। चंद्राकर ने कहा कि राहुल गांधी समेत समस्त कांग्रेसी सांसद संविधान को लेकर राजनीतिक रोटी सेंकने का काम कर रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह के बयान को तोड़-मरोड़ कर देश की जनता के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है।

चंद्राकर ने कहा कि 1952 में बाबा साहेब को चुनाव हरवाकर सदन से बाहर करवा दिया। कांग्रेस ने अपने परिवार में भारत रत्न की झड़ी लगा दी, पर बाबा साहब को भारत रत्न मानने से इनकार कर दिया। कांग्रेस ने अपने पूरे शासनकाल में बाबा साहब को अपमानित करने का काम किया। उनकी पहचान को समाप्त करने का प्रयास किया। कांग्रेस ने तो आरक्षण को समाप्त करने तक की वकालत की। इतने लंबे समय के शासनकाल में कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर को भारत रत्न देने की सोची भी नहीं, जबकि भाजपा ने अपने शासनकाल में बाबा साहब की विरासत को सहेजते हुए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब के जीवन से जुड़े अलग-अलग स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो कांग्रेस को सहन नहीं हो रहा है। चंद्राकर ने कहा कि दशकों तक



बाबा साहेब की एक तस्वीर तक भारत की संसद में लगाना कांग्रेस ने जरूरी नहीं समझा। आज उसी कांग्रेस पार्टी को बाबा साहेब के सम्मान की चिंता हो रही है? कांग्रेस केवल दिखावा कर रही है। संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर ने आजादी के बाद 1952 में भारत का पहला लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में अंबेडकर को पराजय का सामना करना पड़ा था। अंबेडकर ने महाराष्ट्र की उत्तरी मुंबई सीट से चुनाव लड़ा और हार गए। बीआर अंबेडकर जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्रित्व में बनी देश की पहली अंतरिम सरकार में कानून मंत्री रहे। कांग्रेस की कार्यप्रणाली से स्तब्ध होकर 27 सितंबर, 1951 को उन्होंने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। अंबेडकर नेहरू सरकार द्वारा की जा रही दलितों की उपेक्षा से नाराज थे। चंद्राकर ने कहा कि पूरे देश में नकारे जा चुकी कांग्रेस अपना अस्तित्व बचाने झूठ की राजनीति करने से भी बाज नहीं आ रही। नेता प्रतिपक्ष जैसे जिम्मेदार पद पर आसीन होकर राहुल गांधी सांसदों पर हमला कर रहे हैं। भाजपा के दो सांसद बुरी तरह घायल हुए हैं। संसद भवन में राहुल गांधी मारपीट करने के लिए बीच में घुसे थे। यह देश ऐसे हिंसक मानसिकता के लोगों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। राहुल गांधी पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे देश के सर्वोच्च सदन का गरिमा बरकरार रहे।

# नयापारा में 24 से शिव महापुराण कथा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आगामी 24 दिसंबर से 1 जनवरी तक नयापारा संतोषी मंदिर के पास होने वाले शिव महापुराण कथा की तैयारी में स्थानीय नयापारा के वार्ड 7, 8 और 9 सहित सभी श्रद्धालु क्षेत्रवासी जुटे हुए है। शिव महापुराण कथा आयोजन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस कथा के प्रवचनकर्ता मंदिर हसौद वाले पंडित सुनील प्रसाद पांडेय है। आयोजन के शुभारंभ 24 दिसंबर को कलश यात्रा वेदी पूजा कथा महत्तम से शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ होगा। 25 दिसंबर को पूजा महिमा, बेलपत्र महिमा, नारद विश्वमोहनी प्रसंग, 26 दिसंबर कुबेर संध्या प्रसंग, 27 दिसंबर शिव सती विवाह, शिवदक्ष मनो मालिय, पार्वती जन्म, 28 दिसंबर पार्वती तपस्या, कामदेव प्रसंग, 28 दिसंबर पार्वती विवाह, 29 दिसंबर कार्तिकेय जन्म, तारका सुर वध, गणेश जन्म, 30 दिसंबर तुलसी



विवाह, जलांधर प्रसंग, उषा चरित्र, 31 दिसंबर 12 ज्योतिर्लिंग कथा, शिवरात्रि महिमा, पंचाक्षर मंत्र महिमा और नववर्ष 1 जनवरी को रुद्राभिषेक, हवन के पश्चात श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन होगा। शिवमहापुराण कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक का होगा।

शिवमहापुराण कथा आयोजन से जुड़े सदस्य पार्षद मीना वर्मा, राधा औसर, कुमारी पटेल, यामिनी यादव, शोभा तंबोली, शत्रुपा औसर, देवकी पटेल, राधा पटेल, लक्की पटेल, सुनीति पटेल, अहिल्या चंद्राकर, अंतिमा औसर, शिवकुमारी औसर, बैसाखिन पटेल, मंगला चंद्राकर, अनिता सोनी, राजकुमारी औसर, सरोज भोसले, गोपाल वर्मा, ओमप्रकाश औसर, गुलाब औसर सहित सभी सदस्यों ने शहर वासियों से नयापारा की पावनधरा में आयोजित होंने वाले गंगा रूपी पावन शिवमहापुराण कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।



### आईटीआई में सुशासन दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**महासमुंद।** आईटीआई में प्राचार्य जीएस साहू के मार्गदर्शन में सुशासन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी भूपेंद्र कुमार साहू ने बताया कि सर्वप्रथम स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने कलर पेंसिल से स्लोगन लिखा। तत्पश्चात कार्यक्रम सहायक प्रभारी कृतेश चंद्राकर द्वारा सुशासन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वाद-विवाद, गीत, कविता और भाषण प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका में देवेंद्र यादव,योगेश्वर प्रसाद ध्रुव, कौशिक और नेहा सोनकर को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई । जिसके तहत वाद विवाद प्रतियोगिता में पक्ष से केशव और विपक्ष से राहुल विजयी हुए। भाषण प्रतियोगिता में मोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गीत/कविता विधा के अंतर्गत मनीषा प्रथम, केशव द्वितीय तथा दीपा ने तृतीय स्थान हासिल किया। स्लोगन लेखन के तहत प्रथम पुरस्कार चिनेश्वर, द्वितीय देवेश, शेष नारायण और तृतीय पुरस्कार डाली, नीलकांत को दिया गया। कार्यक्रम प्रभारी भूपेंद्र कुमार साहू ने सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर शासन की सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में लोकेश, मनीषा, गीतांजलि, पोखराज, आश कुमार, भूपेंद्र पटेल, याद राम, लिलेश, रूपेश, लकी, और अन्य प्रशिक्षणार्थिगण बहुतायत की संख्या में उपस्थित थे।

# महिला बाल विकास व स्वास्थ्य टीम द्वारा बलौदा में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का किया गया आयोजन

**सरायपाली।** विकासखंड के बलौदा आंगनबाड़ी केंद्र (सी) में स्वास्थ्य विभाग व महिला व बाल विकास विभाग के संयुक्त



तत्वावधान में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया गया जहां पर कुल 32 बच्चों का जांच किया गया जिसमें से मध्यम कुपोषित 13 एवं गंभीर कुपोषित 07 बच्चे मिले सभी बच्चों को त्वरित उपचार के रुप में मल्टीविटामिन , कैल्शियम व एंटीबायोटिक का सिरप दिया गया एवं गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी सरायपाली में भर्ती कराने के लिए पालक को सलाह दिया गया इस शिविर में डॉ जनक कुमार जेरी, डॉ अनुपा दास, सेक्टर सुपरवाइजर डोलामणी भोई, रश्मि डहरिया, महिला एवं बाल विकास सुपरवाइजर पी लकड़ा एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टीआर धृतलहरे के द्वारा दिया गया।




# 23वीं वार्षिक प्रांतीय पेंशनर्स डे एवं सम्मान समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद






17 दिसंबर को राज्य स्तरीय 23वीं वार्षिक प्रांतीय पेंशनर्स डे एवं सम्मान समारोह का आयोजन बीजापुर में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मंत्री महेश गागड़ा रहे। अध्यक्षता डॉ डीपी मनहर प्रांतीय अध्यक्ष पेंशनधारी कल्याण संघ रहे।

सर्वप्रथम नगर में रैली निकाली गई। पश्चात पेंशनधारी कल्याण संघ का ध्वजारोहण किया। प्रति वर्ष 17 दिसंबर को ही क्यों पेंशनर्स डे मनाया जाता है के संबंध में वक्ता उप प्रांताध्यक्ष केके द्विवेदी जगदलपुर, कृपाशंकर मिश्रा धमतरी, डा अशोक गिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष महासमुंद एवं प्रांताध्यक्ष डॉ डीपी मनहर ने पेंशनरों के हित में सारगर्भित शब्दों में जानकारी दी। तत्पश्चात प्रांताध्यक्ष डॉ डीपी मनहर ने 6 सूत्रीय मांग पत्र का जिक्र करते हुए मांग पूर्ण करने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन मुख्य अतिथि महेश गागड़ा सौंपा गया। जिस पर मुख्य अतिथि ने पेंशनरों की जायज मांगों को पूर्ण करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अवगत कराने की बात कही। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डा अशोक गिरि गोस्वामी महासमुंद, केके द्विवेदी जगदलपुर, कृपाशंकर मिश्रा धमतरी, डा आरएम चावड़ा बालोद, एसपी विश्वकर्मा कोंडागांव, केएल बरेठ रायगढ़, जवाहर गुप्ता जांजगीर चांपा आदि मौजूद रहे। अंत में एक सौ एक 80 वर्ष से ऊपर वालों पेंशनरों को साल और फल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय महासचिव आरएल कैवर्त्य ने किया। इस कार्यक्रम में महासमुंद जिले से 85 पेंशनरों ने भाग लिया।

महासमुंद के पेंशनर बलराम ध्रुव यात्रा प्रभारी के नेतृत्व में 14 दिसंबर को प्रस्थान कर चित्रकोट जलप्रपात जगदलपुर के मनोहारी दृश्य का आनंद लिया। वहां से सुकमा, कोंटा होते हुए पौराणिक नगरी भद्राचलम तेलंगाना में गोदावरी नदी के तट पर स्थित भगवान राम के भव्य मंदिर का दर्शन किया। बाद रास्ते के मनोहर दृश्य को देखते हुए बीजापुर जैसे वनस्थली जिले में पेंशनर्स दिवस में भाग लेकर बहुत ही आनंदित हुए। इस यात्रा में प्रमुख रूप से बैसाखू राम देवांगन, मनराखन ध्रुव, सनमान दीवान, बंशी चंद्राकर, संरक्षक के आर चंद्राकर, सालिक राम चंद्राकर, भाव सिंह नेताम, बीआर चंद्राकर, महेश शर्मा, राजेंद्र कश्यप, रघुनाथ सिन्हा, जेएल साहू, रामकुमार चंद्राकर, रामलाल श्रीवास्तव, बोधराम साहू, बीएन गुप्ता, घनश्याम ध्रुव, शेष नारायण चंद्राकर, मंगलमूर्ति शर्मा, जेएस अहीर, मन्नू लाल साहू, राजेंद्र वैष्णव सहित विकासखंड पिथौरा, बागबाहरा, बसना एवं सरायपाली के पेंशनर शामिल हुए। उक्त जानकारी यात्रा प्रभारी बलराम ध्रुव ने दी है।



## खबर संक्षेप



### भंवरपुर में चार दिवसीय हरि कथा का आयोजन

**भंवरपुर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान सरायपाली छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित चार दिवसीय हरि कथा का आयोजन बसना भंवरपुर में किया गया है। आशुतोष महाराज की शिष्याएं दिल्ली से आईं साध्वी बहनों द्वारा सत्संग प्रवचन हो रहा है। स्वामी अखिलेशानंद ने संत की पहचान बताते कहा कि जो ईश्वर की अनुभूति करा दे, तभी ध्यान प्रारंभ होती है, ध्यान से मन एकाग्र होता है, तभी कर्म और जीवन चरित्र बदलता है। हरि कथा में सैकड़ों श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे हैं। भंवरपुर के कार्यकर्ता बसंत अग्रवाल मोहन अग्रवाल, अशोक शर्मा दयाराम शंकर अग्रवाल, डॉ, बीपी साहू, प्रतीक देवांगन, पुरुषोत्तम चौहान, अमरनाथ चौहान, जैत राम देवांगन, चक्रधर डडसेना सागरपाली से बजरंग अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल गजेंद्र पटेल इत्यादि उपस्थित रहे।

### कनेकेरा सोसाइटी में किसानों का सम्मान



**महासमुंद।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित कनेकरा उपार्जन केंद्र शेर में किसानों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष हरेंद्र साहू, प्रभारी प्रबंधक परमेश्वर यादव, रतनलाल साहू , कन्हैयालाल साहू, धनसाय साहू, करमचंद साहू, गोपाल साहू हरेंद्र साहू आदि कर्मचारीगण, किसानों इंदिरा चंद्राकर पुरुषोत्तम चंद्राकर, भोलाराम साहू, बुकालूराम ध्रुव, संतु बघेल, नरेंद्र ध्रुव फेकू लाल साहू, शैलेंद्र निषाद, मीराबाई] पन्नालाल यादव, सुखनंदन यादव, धर्मेंद्र ध्रुव, रुक्मणी, इंदिरा बाई, चंद्रमणि चंद्राकर आदि मौजूद रहे। प्रेम सिंह पटेल मोहनलाल सिंह शिवकुमार यादव गणेश भाई श्री सोहनलाल साहू आदि किसान भाई उपस्थित थे।

### खल्लारी विस क्षेत्र में 101 युवाओं का भाजपा प्रवेश

**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा के ग्राम सुखरीडबरी में आयोजित कार्यक्रम में 101 युवाओं ने नरेंद्र मोदी के नीति व कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौधरी, अलका चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, पिलेश्वर पटेल संजय मालवे, नरेंद्र बग्गा, छेदू चक्रधारी, मानसिंह डेमन पनोरिया, लोकेश पनुरिया, यशवंत साहू आदि उपस्थित रहे। युवाओं का भाजपा गमछा फूल माला तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

### निधन

#### चंपाबाई वैष्णव

**पटेवा।** ग्राम चिरको निवासी चंपाबाई वैष्णव पति कुशलदास वैष्णव का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। उनकी शव यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वे संतोष, पवन की माता थीं।



# दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में इंद्रावती प्रथम, शिवनाथ सदन रहे द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज़ मुख्य अतिथि डॉ आशीष दास, अध्यक्षता मनोज पटेल, विशिष्ट अतिथि कमल पटेल की उपस्थिति में हुआ। खेल अतिथियों द्वारा फीता काटकर खेल का शुभारंभ हुआ। खो-खो मैच से खेलों का सुंदर आग़ाज़ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ आशीष दास ने इस मौके पर कहा कि हमें खेल भावना के साथ खेल में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाना चाहिए।

अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य मनोज पटेल ने कहा कि बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करने का एक सुअवसर है। विशिष्ट अतिथि कमल पटेल ने बताया कि जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है इसलिए यह आयोजन अपने आप में प्रशंसनीय है। खेल प्रतियोगिता को संपन्न कराने में पीटीआई मंजिला चौधरी एवं निर्णायकों, टीचर्स/ स्टॉफ, पालकों का खूब योगदान रहा। विद्यार्थियों ने अपने-



अपने सदन अरपा, इंद्रावती, महानदी, शिवनाथ की टीम के साथ मिलकर विभिन्न खेलों में भाग लिया।

सदन प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में टीम ने काफ़ी अच्छा प्रदर्शन किया। खेल विधा में खो-खो,कबड्डी, गोला फेंक, तवा फेंक, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, त्रिटंगी दौड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, फुगड़ी, शतरंज, क्रिकेट, रस्साकसी आदि शामिल है। कार्यक्रम का संचालन नरेश पटेल ने किया। वहीं आभार प्रदर्शन यशवंत कुमार चौधरी ने किया। थम दिवस सम्पन्न हुए खेलों का परिणाम में खेल खो-खो सीनियर बालक में प्रथम इंद्रावती सदन, द्वितीय शिवनाथ सदन रहे। बालिका वर्ग में प्रथम अरपा सदन, द्वितीय इंद्रावती सदन रहे। जूनियर वर्ग बालक में प्रथम स्थान में महानदी, द्वितीय स्थान में इंद्रावती सदन, गोला फेंक सीनियर बालक वर्ग में प्रथम श्रीकांत तिवारी, द्वितीय जतिन साहू, तृतीय दुर्गेश चौधरी, बालिका वर्ग में प्रथम रितिका दुबे, द्वितीय किरण नायक, तृतीय राशि साहु , जूनियर बालक वर्ग में प्रथम विश्वकर्मा दास, द्वितीय शेखर वर्गे, तृतीय पवन दास, जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम आराधना नाग, द्वितीय श्रेयांसी शर्मा, तृतीय अन्वेषा प्रधान, तवा फेंक सीनियर बालक वर्ग में प्रथम श्रीकांत तिवारी, द्वितीय अर्पित नाग, तृतीय दुर्गेश चौधरी, सीनियर बालिका वर्ग में प्रथम श्वेता पाणीग्राही, द्वितीय किरण नायक, तृतीय राशि साहु वहीं शतरंज प्रतियोगिता में सीनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान श्वेता पटेल, द्वितीय लीजा प्रधान, तृतीय रूचिका विशाल, जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम आशी सतपथी, द्वितीय सृष्टि शर्मा, जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान श्रेष्ठ अग्रवाल, द्वितीय गोविंद दुबे, तृतीय चिराग साहू रहे।

## आयोजन : जन चौपाल में किया समस्याओं का समाधान

# जिले में सुशासन सप्ताह शुरू योजनाओं का होगा प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 24 दिसंबर तक मनाया जाएगा सुशासन सप्ताह
- विष्णु की पाती का आंगनबाड़ी केंद्रों में किया गया वाचन एवं वितरण

भारत सरकार और राज्य सरकार की पहल पर 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आम नागरिकों और हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने तथा लाभान्वित करने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखंडों में आज सुशासन सप्ताह का शुभारंभ हुआ, जिसमें शासन की योजनाओं और सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने सुशासन और जनसेवा के प्रति




अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि सुशासन सप्ताह का मुख्य उद्देश्य शासन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाना है। इसके तहत प्रशासन द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जहां सरकारी योजनाओं की जानकारी और नागरिकों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा विभागों को निर्देश दिए हैं कि हितग्राही मूलक योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करें तथा पात्रतानुसार उन्हें लाभान्वित करना भी सुनिश्चित करें। इस कड़ी में आज सभी तहसील एवं विकासखंड मुख्यालय में सुशासन सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग आकर अपने समस्याओं के समाधान हेतु पहल की। महासमुंद, बागबाहरा सहित सभी विकासखंडों और तहसीलों में सुशासन सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके अलावा समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग एवं अन्य विभागों के हितग्राहियों को भी विष्णु की पाती का वितरण और वाचन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। महासमुंद जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में भी विष्णु की पाति का वाचन और वितरण महतारी वंदन योजना के हितग्राही महिलाओं को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने सुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे जनसेवा और नागरिकों की भलाई के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। सुशासन सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिनमें स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, किसान जागरूकता कार्यक्रम, डिजिटल सेवाओं का प्रचार-प्रसार शामिल है। जन चौपाल में पहुंचे स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर बताया। उनका मानना है कि यह सप्ताह प्रशासन और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में मदद करेगा। सुशासन सप्ताह ने पारदर्शी, समावेशी और जवाबदेह शासन को प्रोत्साहित करते हुए नागरिकों और प्रशासन के बीच भरोसे को मजबूत किया है।

# आधार कार्ड में त्रुटि समस्या निवारण शिविर का आयोजन, लोगों की उमड़ी भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

**10 वर्षों से आधार कार्ड नहीं, शिविर में तत्काल बना कर दिया कार्ड**



जनपद पंचायत परिसर स्थित मनरेगा हाल में आधार समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तीनों ब्लाक के हितग्राही जिनका आधार सुधार एवं आधार कार्ड नहीं बनपाने वाले हितग्राही बड़ी मात्रा में शामिल हुए। इस आयोजन में जिले में बंद हुए आधार कार्ड (सस्पेंड) वाले हितग्राही 70 हितग्राही थे और आधार में मिसमैच बायोमेट्रिक आवेदन वाले 15 हितग्राही एवं आधार डुप्लीकेट ऑनलाइन में दिखा रहा है, उस प्रकार के प्रकरण 13 हितग्राही जिसमें एक हितग्राही जो रामलता अग्रवाल (60 वर्ष) पति रामावतार अग्रवाल निवासी सरायपाली जो दिव्यांग है, करीबन 10 वर्षों से आधार कार्ड नहीं बन पा रहा था उनका यूआईडीआई टीम सौरभ रामटेके द्वारा उनके हैदराबाद से जांच पड़ताल कर शिविर के समय में आधार कार्ड मंगवाकर अनुविभागीय अधिकारी नम्रता चौबे के द्वारा आधार कार्ड रामलता अग्रवाल को दिया गया। आधार कार्ड में सुधार लिमिट क्रास वाले हितग्राही 22 थे और नाम परिवर्तन वाले 50 से अधिक थे। ज्यादा मात्रा में नाम परिवर्तन वाले आधार कार्ड धारी हितग्राही को देखते हुए जिसमें से कुल 98 हितग्राहियों का आधार कार्ड सुधार एवं नया पंजीयन हो पाया बार बार लाईन कटौती एवं सर्वर डाउन होने के कारण दो मशीन चालू नहीं हो पाई। सौरभ रामटेके ने अपने उच्च अधिकारियों आरो आफिस हैदराबाद से इस विषय में बात कर समस्या का समाधान हेतु राजपत्र (गैजेट नोटिफिकेशन) संयुक्त रूप से शिविर लगाकर समस्या को हल किया जाएगा। उक्त संबंध में महासमुन्द के आधार ईडीएम भूपेन्द्र अम्बिलकर से चर्चा के बाद अगला शिविर सरायपाली में कब होना है की जानकारी दी जाएगी। आधार कार्ड में तरह तरह के समस्या जो लोकल आपरेटरों द्वारा हल नहीं हो पा रहा था इस समस्या को हेड आफिस हैदराबाद तक पहुंचाने में क्षेत्र के महासमुंद कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं ईडीएम भूपेंद्र अंबिलकर का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर चैतराम पटेल, किशोर सतपथी, जितेंद्र साव, वीरेंद्र पटेल, रेशम यादव, हितेश टंडन, मिनाक्षी सतपथी, पर्वती पारेश्वर, कृष्णाचंद्र पटेल, दुर्गेश प्रधान, कृष्णा, मतीन अली, सरोज सतपथी, युगल किशोर पाढी, सस्मिता बारीक, पूर्व पार्षद गंगाराम पटेल का सहयोग रहा।



### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सांकरा में वार्षिक खेल उत्सव का आगाज

**सांकरा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, सांकरा विकासखंड पिथौरा में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन 19 से 20 दिसंबर को हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। उत्सव के प्रथम दिवस पर खो-खो, क्रिकेट , कुर्सी दौड़ और कबड्डी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि सतपाल सिंह छाबड़ा (पूर्व जनपद अध्यक्ष), कैलाश चंद्र अग्रवाल (अध्यक्ष, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति), रोहताश गोयल एवं मनोज बारीक की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने इन खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि सतपाल सिंह छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य को नहीं बढ़ाते, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल का विकास भी करते हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। कैलाश चंद्र अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा, ₹आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास जैसे गुण विकसित होते हैं। स्वामी आत्मानंद विद्यालय हमेशा से शिक्षा और खेल दोनों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत रहा है। मैं सभी विद्यार्थियों से कहना चाहता हूं कि खेल में जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण है आपका प्रयास और खेल भावना। आप सभी अपने प्रयासों से न केवल विद्यालय का, बल्कि क्षेत्र का नाम भी रोशन करें। विद्यालय के प्राचार्य दीपक देवांगन ने बताया कि वार्षिक खेल उत्सव का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। आगामी दिवस में अन्य रोचक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, जिनमें अधिक से अधिक छात्रों की सहभागिता की अपेक्षा है। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता एसडी भोई, टीडी कुमार, पीएल नायक, एमआर सिदार, एसके पटेल, अजय नायक, आईके डडसेना, प्रमोद प्रधान, व्यायाम शिक्षक अशोक बाजपेयी एवं आशीष कुशवाहा एवं भूमिका सिन्हा सहित विद्यालय के समस्त स्टॉफ सदस्य, अभिभावकगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थिति दर्ज कराकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



### मुड़पार में किसानों को मसूर बीज वितरित

**नर्रा।** ग्राम पंचायत झिटकी के आश्रित ग्राम मुड़पार (नावाडीह) में सुशासन दिवस पर कृषि विभाग द्वारा वन पट्टाधारी किसानों को निःशुल्क मसूर बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच पुनऊराम ध्रुव नवीन पटेल, पूर्व सरपंच डीकुमार चौरे, पुनऊराम पटेल मौजूद रहे। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शिव चंद्राकर ने किसानों को जानकारी देते हुए प्रदेश के साय सरकार के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आप सबके खुशहाली के लिए निःशुल्क मसूर बीज का वितरण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान पंजीयन कराकर पावर ट्रीलर, कृषि पंप आदि कृषि यंत्रों का सब्सिडी का लाभ लेकर उन्नत कृषि लाभ ले सकते हैं। शिव चंद्राकर ने किसानों को धान के बदले अधिकाधिक रकबे में दलहन, तिलहन, मक्का, गेहूं, रागी, मसूर, सरसों लगाकर अधिक आय अर्जित करने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर किसान बृज ठाकुर, भकला गोंड, विक्रम सिंह गोंड, फूलसिंह, कोदीबाई, डीकुमार चौरे, पुनउ पटेल आदि उपस्थित रहे।

# खम्हारपाली ने जीता फुलझर कप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

खम्हारपाली में आयोजित फुलझर कप क्वालीफायर टूर्नामेंट का फाइनल मेजबान खम्हारपाली ने जीता। इस टूर्नामेंट में कुल 19 टीमों ने भाग लिया। जिसका फाइनल कुंडा पाली और खम्हारपाली के मध्य खेला गया। कुंडापाली ने टॉस जीतकर खम्हारपाली को पहले बल्लेबाजी का मौका दिया। खम्हारपाली ने शुरुआत में कुछ झटके झेले, लेकिन अंततः 15 ओवरों में 128 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में, कुंडापाली की टीम 7 विकेट खोकर केवल 87 रन ही बना सकी। इस तरह खम्हारपाली ने 42 रनों से फाइनल मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैचः वासव साहू खम्हारपाली, बेस्ट फील्डर खिरोद कुंडापाली, बेस्ट बॉलर राहुल कुंडापाली, बेस्ट विकेटकीपर शुभम खम्हारपाली, बेस्ट बैट्समैन शशांक (खम्हारपाली), मैन ऑफ द सीरीज का ईनाम शशांक (खम्हारपाली) को दिया गया।



समापन समारोह में खम्हारपाली चेक पोस्ट से आरटीओ अधिकारी मिंज और वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ खान डीजल के संचालक मजहर खान, रक्तदान सेवा समिति के संस्थापक मुस्तफिज आलम, पीसीएस अध्यक्ष शैलेंद्र साहू, सलाहकार युधिष्ठिर साहू, सचिव चुड़ामणि साहू, सतीश चंद्र साहू, रविशंकर साहू, मधुमंगल साहू, एफपीएल चेयरमैन सुनील साहू सचिव चक्रधर साहू, मनबोध साहू, भूपेंद्र भोई, आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील साहू, टीम मैनेजर खम्हारपाली सुजीत प्रधान पीसीएस सदस्य खितिपति साहू, मालिक राम पटेल, राकेश साहू आदि मौजूद रहे। पीसीएस के सचिव चुड़ामणि साहू ने बताया कि क्वालिफायर टूर्नामेंट दो स्थानों पर किया जा रहा। दूसरा क्लालिफायर टूर्नामेंट बसना के आईटीआई मैदान में खेला जाएगा यहां से क्वालीफाई करने वाली टीमें खम्हारपाली, घासी इलेवन सरायपाली, कुंडापाली, लाखागढ़ है। इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# अघरिया समाज की हुई बैठक महासभा के आय-व्यय प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में अघरिया समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल के अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक हुई, जिसमें आगामी दिनों होने वाले केंद्रीय समिति अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के चुनाव व विगत दिनों ग्राम सिंघोड़ा में आयोजित किए गए महासभा कार्यक्रम में हुए आय-व्यय की जानकारी कोषाध्यक्ष लवकुमार पटेल द्वारा प्रस्तुत की गई,जिसमें उपस्थित सभी जनों ने आय-व्यय की जानकारी से संतुष्ट हुए। बैठक को क्षेत्रीय अध्यक्ष नेहरू पटेल ने संबोधित करते हुए विगत दिनों सिंघोड़ा में अघरिया समाज का तीसवां महासभा का सफलता पूर्वक आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी 12 परिक्षेत्रीय अध्यक्षों व समाज के पदाधिकारी सहित समस्त सामाजिक बंधुओं को तन, मन, धन से, प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया गया, व बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने आगे कहा कि आगामी माह 12 जनवरी को अघरिया समाज केंद्रीय समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, महिला संयोजिका व युवा संयोजक का चुनाव होगा। जिसके लिए नामांकन की प्रक्रिया फार्म जमा, नाम वापसी, चुनाव चिन्ह का आबंटन 22 दिसंबर को होगा। साथ ही उनके द्वारा चुनाव संबंधित विस्तृत में जानकारी दी गई और सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्षों को केंद्रीय समिति की चुनाव की जानकारी सभी संरक्षक सदस्यों को देने की बात कही गई। बैठक में नेहरुलाल पटेल अध्यक्ष, जितेंद्र पटेल उपाध्यक्ष, नेहरुलाल चौधरी केंद्रीय प्रतिनिधि, लवकुमार पटेल कोषाध्यक्ष, त्रिलोचन पटेल संरक्षक, खेमराज पटेल सलाहकार, केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ गेसमोती पटेल, रामेश्वर पटेल सचिव, डोलचंद पटेल, प्यारेलाल पटेल संयोजक, क्रमशः परिक्षेत्र अध्यक्ष कामता पटेल, भोलानाथ नायक, रूपलाल नायक, धनीराम पटेल, शोभाराम पटेल, बलिराम पटेल, शंकर लाल नायक, हृदय राम नायक, श्यामलाल पटेल, गंगाधर पटेल, राजाराम पटेल प्रवक्ता, मालिकराम पटेल, मंगल प्रसाद नायक, तारेश्वरी नायक, दीपिका चौधरी, दरश राम पटेल, ओमप्रकाश चौधरी, तुलाराम पटेल, राजेश पटेल, साखीराम पटेल, देवेंद्र पटेल, गजपति पटेल, तेजलाल चौधरी, लखेश्वर नायक, नीलांबर नायक, रघुनाथ चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, कल्पराम पटेल, अविनाश पटेल, तुलाराम पटेल आदि उपस्थित थे।



रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बलौदाबाजार भाटापारा जिले में सर्वे कार्य हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468
बाहर के अभ्यार्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय
भाटापारा रोड बस स्टैण्ड, बलौदाबाजार